# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2023

# माध्यमिक स्कूल परीक्षा – 2023

## ANNUAL (वार्षिक)

**Sub. Code – 117**
**विषय कोड : 117**

**Model Set**

**FINE ARTS (THEORY / OPT.)**

**ललित कला (सैद्धान्तिक / ऐच्छिक)**

**समय : 2 घंटे 45 मिनट** | **पूर्णांक : 70**

**Time : 2 Hrs. 45 Minutes** | **Full Marks : 70**

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–***

***Instructions for the candidates :-***

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।

   Candidate must enter his/her question Booklet Serial No. (10 digits) in the OMR Answer Sheet.

2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

   Candidates are required to give answers in their own words as far as practicable.

3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

   Figures in the right hand margin indicate full marks.

4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।

   15 minutes of extra time has been allotted for the candidate to read the questions carefully.

5. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, **खण्ड–अ** एवं **खण्ड–ब।**

This question paper is divided into two sections : **Section-A** and **Section-B**.

6. खण्ड–अ में 70 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 35 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 35 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 35 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। सही उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गये OMR–उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प को नीले/काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के व्हाईटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का उत्तर पत्रिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

   In **Section-A**, there are 70 objective type questions, out of which only 35 questions are to be answered. In case more than 35 questions are answered then first 35 answers will be evaluated. Each question carries 1 mark. For answering these, darken the circle with blue/black ball pen against the correct option on OMR Answer Sheet provided to you. Do not use Whitener/Liquid/Blade/Nail etc. on OMR Sheet, otherwise the result will be treated invalid.

7. **खण्ड–ब** में 20 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। जिनमें से किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। इनके अतिरिक्त इस खण्ड में 06 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिए गए हैं। जिनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों का उत्तर देना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 05 अंक निर्धारित हैं।

In **Section-B,** there are 20 short answer type questions, out of which any 10 questions are to be answered. Each question carries 2 marks. Apart from these, there are 6 long Answer type questions, out of which any 3 questions are to be answered. Each question carries 5 marks,

8. किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

Use of any electronic appliance is strictly prohibited.

## खण्ड–अ / Section A

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Question

प्रश्न संख्या 1 से 70 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिन्हित करें। किन्हीं 35 प्रश्नों का उत्तर दें। 35 X 1 = 35

Question No. 1 to 70 have four options, out of which only one is correct. You have to mark your selected option on the OMR-sheet.

Answer any 35 questions. 35 x 1=35

1. बंगाल में कला का कौन सा काल नव चेतना का आधार बना ?

(A) पुर्नजागरण काल (B) कैलेन्डर आर्ट

(C) घनवादी काल (D) प्रकृति चित्रण

Which period in Bengal became the base of new awakening in art ?

(A) Renaissance Period (B) Calendar art

(C) Cubic art (D) Landscape

2. तारपीन का तेल किस रंग में प्रयोग होता है ?

(A) जल रंग (B) एक्रेलिक रंग

(C) पेन्सिल रंग (D) तैल रंग

In which colour, Turpentine oil is used ?

(A) Water Colour (B) Acrylic Colour

(C) Pencil Colour (D) Oil Colour

3. इन्द्रधनुष का आकार कैसा होता है ?

(A) तिकोना (B) अर्द्धवृत्त

(C) सीधी रेखा (D) क्षैतिज रेखा

What is the shape of Rainbow ?

(A) Triangular (B) Semi Circle

(C) Straight line (D) Horizontal Line

4. मनमोहक सौंदर्य वाली स्त्री का चित्र किस रस को वर्णित करता है ?

(A) वात्सल्य रस (B) वीभत्स रस

(C) करूण रस (D) श्रृंगार रस

The Painting of Mesmerizing beauty of woman depicts which Rasa ?

(A) Vatsalya Rasa (B) Vibhatsa Rasa

(C) Karun Rasa (D) Shrinagar Rasa

5. इनमें से किसे जैन धर्म में पूजा जाता है ?

(A) भगवान महावीर (B) भगवान बुद्ध

(C) भगवान शिव (D) भगवान कार्तिकेय

Which God is worshipped in Jain religion ?

(A) Lord Mahaveer (B) Lord Buddha

(C) Lord Shiva (D) Lord Kartikeya

6. लाल रंग किस प्रकृति का है ?

(A) ऊष्ण (B) शीतल

(C) उदासीन (D) तटस्थ

What is the nature of Red Colour ?

(A) Warm (B) Cool

(C) Sadistic (D) Neutral

7. ललित कला में किस शास्त्र का महत्व है ?

(A) अर्थशास्त्र (B) नाट्यशास्त्र

(C) राजनीतिशास्त्र (D) इनमें से कोई नहीं

Which Shastra is important in Fine arts ?

(A) Economics (B) Natya Shastra

(C) Political Science (D) None of these

8. अजंता की गुफा संख्या 19 से 26 में क्या है ?

(A) विहार (B) चैत्य मंदिर

(C) वाचनालय (D) जल कुंड

What is found in Ajanta Cave no. 19 to 26 ?

(A) Vihar (B) Chaitya Temples

(C) Library (D) Watercourse

9. इनमें से कौन विज्ञापन का अंग नहीं है ?

(A) पोस्टर (B) बिलबोर्ड

(C) फोटोग्राफ (D) मधुबनी चित्र

Which one is not a part of Advertisement ?

(A) Poster (B) Billboard

(C) Photograph (D) Madhubani painting

10. कला की किस विधा में व्यंग्य की प्रमुखता होती है ?

(A) कार्टून (B) रंगोली

(C) गोदना (D) पटचित्र

In which art medium, satire is dominant ?

(A) Cartoon (B) Rangoli

(C) Godana (D) Patchitra

11. 'देवी प्रसाद राय चौधरी' ने किस महाविद्यालय में अध्यापन किया ?

(A) मद्रास कला महाविद्यालय (B) भुवनेश्वर कला महाविद्यालय

(C) कला एवं शिल्प महाविद्यालय, पटना (D) जे0 जे0 स्कूल ऑफ आर्ट, मुम्बई

'Devi Prasad Rai Chaudhary' used to teach in which art college ?

(A) Madras art college (B) Bhuvneshwar art college

(C) College of Arts and Crafts, Patna(D) J. J. School of Art, Mumbai

12. अमृता शेरगिल ने 'तीन स्त्रियाँ' किस रंग माध्यम में चित्रित किया है ?

(A) जल रंग (B) तैल रंग

(C) मोम रंग (D) इनमें से कोई नहीं

In which colour medium, Amrita Shergil has painted 'Three Women' ?

(A) Water Colour (B) Oil Colour

(C) Wax Colour (D) None of these

13. मोम रंग को किस दूसरे नाम से भी जाना जाता है ?

(A) रेयॉन (B) क्रेयॉन

(C) फोटॉन (D) न्यूट्रॉन

Wax colour is known by which another name ?

(A) Rayan (B) Crayan

(C) Photon (D) Neutron

14. 'बाज़' का चित्र बनाने वाले मुगल चित्रकार का नाम क्या था ?

(A) मक़बूल (B) मंसूर

(C) मज़हर (D) मोमिन

The name of Mughal painter who painted the Hawk is ?

(A) Maqbool (B) Mansoor

(C) Majhar (D) Momin

15. राम किंकर बैज ने अपनी मूर्तियों में किसका अधिक प्रयोग किया ?

(A) सीमेन्ट कंक्रीट (B) संगमरमर

(C) ग्रेनाइट (D) चूना पाउडर

What is mostly used by Ram Kinkar Baij in his sculptures ?

(A) Cement Concrete (B) Marble

(C) Granite (D) Limestone Powder

16. सारनाथ की बुद्ध मूर्ति किस पत्थर की बनी है ?

(A) चुनार पत्थर (B) जोधपुर पत्थर

(C) सफेद पत्थर (D) ग्रेनाइट

Buddha Sculpture of Sarnath is made up of which stone ?

(A) Chunar Sandstone (B) Jodhpur Stone

(C) White Stone (D) Granite

17. चित्रकार बसावन किस राजदरबार से था ?

(A) मुगल (B) मराठा

(C) राजपूत (D) द्रविड़

Painter Basawan belonged to which Royal court ?

(A) Mughal (B) Maratha

(C) Rajput (D) Dravid

18. इसमें से किसे हम हस्तशिल्प नहीं कहेंगे ?

(A) कढ़ाई (B) चित्रकारी

(C) बुनाई (D) बागवानी

In the following, which one we don't call handicraft ?

(A) Embroidery (B) Painting

(C) Weaving (D) Gardening

19. लिंगराज मंदिर कहाँ स्थित है ?

(A) पुरी (B) भुवनेश्वर

(C) कलिंग (D) लैन्सडाउन

Where is Lingraj temple located ?

(A) Puri (B) Bhuvaneshwar

(C) Kalinga (D) Lansdawn

20. षडंग में क्रमानुसार आने वाले अंग हैं ?

(A) भाव, लावण्य–योजना, प्रमाण, रूप–भेद

(B) रूप–भेद, भाव, लावण्य–योजना, प्रमाण

(C) रूप–भेद, प्रमाण, भाव, लावण्य–योजना

(D) प्रमाण, रूप–भेद, लावण्य–योजना, भाव

The correct sequence of elements in Shadanga is ?

(A) Bhava, Lavanya-yojna, Praman, Roop-Bheda

(B) Roop-Bheda, Bhava, Lavanya-Yojna, Praman

(C) Roop-Bheda, Praman, Bhava, Lavanya-Yojna

(D) Praman, Roop-Bheda, Lavanya-Yojna, Bhava

21. भारत में प्रिंटिंग प्रेस का आरंभ कब हुआ ?

(A) 1450 (B) 1665

(C) 1556 (D) 1630

When was Printing Press introduced in India ?

(A) 1450 (B) 1665

(C) 1556 (D) 1630

22. रेम्ब्रां की प्रसिद्ध पेंटिंग है ?

(A) डे वॉच (B) मिडनाइट वॉच

(C) नाइट वॉच (D) इवनिंग वॉच

The famous painting of Rembrandt is ?

(A) Day watch (B) Midnight watch

(C) Night watch (D) Evening watch

23. भारत में पहला कौन सा समाचार पत्र प्रकाशित हुआ ?

(A) टाइम्स ऑफ इंडिया (B) बंगाल गैजेट

(C) स्टेट्समैन (D) हिन्दुस्तान टाइम्स

Which was the first news paper published in India ?

(A) Times of India (B) Bengal Gazette

(C) Statesman (D) Hindustan Times

24. गोलघर कहाँ स्थित है ?

(A) पटना (B) सासाराम

(C) वैशाली (D) मुंगेर

Where is Golghar situated ?

(A) Patna (B) Sasaram

(C) Vaishali (D) Munger

25. हाथी दाँत का प्रयोग किस चित्रण शैली में दिखता है ?

(A) पटना कलम (B) पेपर मैशी

(C) पटचित्र (D) सभी में

In which Painting style, Ivory is used ?

(A) Patna Kalam (B) Papermache

(C) Patchitra (D) All of these

26. प्रिंट मेकिंग में किसका प्रयोग होता है ?

(A) एचिंग (B) वीविंग

(C) मॉडलिंग (D) मोल्डिंग

What is used in Print Making ?

(A) Etching (B) Weaving

(C) Modelling (D) Moulding

27. प्लास्टर ऑफ पेरिस किससे बनता है ?

(A) बलुआ पत्थर (B) चूना

(C) जिप्सम (D) संगमरमर

From which thing, Plaster of Paris is made ?

(A) Sandstone (B) Limestone

(C) Gypsum (D) Marble

28. कोहबर कला किस मौके पर बनती है ?

(A) जन्मदिन (B) विवाह

(C) धार्मिक कार्य (D) मृत्यु

On which occasion, Kohbar art is done ?

(A) Birthday (B) Marriage

(C) Religious rituals (D) Death

29. कोलाज का निर्माण कैसे होता है ?

(A) कागज के टुकड़ों को जोड़ा जाता है

(B) कागज पर लुग्दी बनाई जाती है

(C) कागज पर प्राइमर लगाया जाता है

(D) इनमें से कोई नहीं

How is collage made ?

(A) Pieces of Paper are combined

(B) Paper paste is made

(C) Primer is coated on paper

(D) None of these

30. राजगीर में किसका स्तूप है ?

(A) भगवान बुद्ध (B) भगवान महावीर

(C) भगवान जगन्नाथ (D) भगवान परशुराम

Whose stupa is in Rajgir ?

(A) Lord Buddha (B) Lord Mahaveer

(C) Lord Jagannath (D) Lord Parshuram

31. जगन्नाथ मंदिर कहाँ स्थित है ?

(A) पुरी (B) भुवनेश्वर

(C) कटक (D) कलिंग

Where is Jagannath Temple located ?

(A) Puri (B) Bhuvneshwar

(C) Cuttack (D) Kalinga

32. परंपरागत पटचित्र में किसका प्रयोग हुआ है ?

(A) कागज (B) कपड़ा

(C) ऊन (D) चमड़ा

In traditional Patchitra, what is being used ?

(A) Paper (B) Cloth

(C) Wool (D) Leather

33. उस चित्रकार का नाम बताएँ जिन्हें 1954 में पद्म विभूषण मिला ?

(A) अवनीन्द्रनाथ (B) नंदलाल बोस

(C) अमृता शेरगिल (D) यामिनी राय

Name the Painter who got Padma Vibhushan in 1954 ?

(A) Abnindranath (B) Nandlal Bose

(C) Amrita Shergil (D) Yamini Roy

34. मधुबनी चित्रकला में किसका चित्रण है ?

(A) पश्चिमी संस्कृति (B) भगवान बुद्ध का जीवन

(C) प्रकृति और हिंदू धर्म (D) गुरूवाणी

What is illustrated in Madhubani painting ?

(A) Western Culture (B) Life of Lord Buddha

(C) Nature and Hindu religion (D) Guruwani

35. राजा रवि वर्मा का संबंध किस शाही परिवार से था ?

(A) त्रावणकोर राज परिवार (B) मैसूर राज घराना

(C) हैदराबाद निज़ाम (D) ग्वालियर राजवंश

Raja Ravi Verma was related to which Royal family ?

(A) Travancore Royal family (B) Mysore Royal family

(C) Hyderabad Nizam (D) Gwalior Royal family

36. राजस्थान की कौन सी चित्रकला पर मुगल शैली का पूरा प्रभाव था ?

(A) मरवाड़ (B) बीकानेर

(C) मेवाड़ (D) सभी

Which painting of Rajasthan had total influence of Mughal style ?

(A) Marwad (B) Bikaner

(C) Mewad (D) All

37. आभूषणों को सुंदर बनाने के लिए रंग का प्रयोग होता है। इस कला को क्या कहते हैं ?

(A) चिकनकारी (B) फुलकारी

(C) मीनाकारी (D) कशीदाकारी

Colours are applied on ornaments to make it beautiful. What is this art called ?

(A) Chikankari (B) Fulkari

(C) Meenakari (D) Kashidakari

38. मंजूषा पेंटिंग किस राज्य से संबंधित है ?

(A) उत्तर प्रदेश (B) बिहार

(C) उड़ीसा (D) उत्तराखण्ड

Manjusha Painting is related to which state ?

(A) Uttar Pradesh (B) Bihar

(C) Odisha (D) Uttarakhand

39. नालन्दा विश्वविद्यालय कहाँ स्थित है ?

(A) बिहार (B) मध्य प्रदेश

(C) असम (D) त्रिपुरा

Where is Nalanda University located ?

(A) Bihar (B) Madhya Pradesh

(C) Assam (D) Tripura

40. विश्व के सात अजूबों में किसका नाम सम्मिलित है ?

(A) कुतुबमीनार (B) ताजमहल

(C) चाँद बीबी का मकबरा (D) बुलंद दरवाजा

Which name is included in Seven wonders of the world ?

(A) Qutub Minar (B) Taj Mahal

(C) Chand Bibi ka Maqbara (D) Buland Darwaja

41. 'स्टैच्यू ऑफ युनिटी' भारत के किस राज्य में है ?

(A) महाराष्ट्र (B) कर्नाटक

(C) गुजरात (D) गोवा

At which place of India, Statue of Unity is located ?

(A) Maharashtra (B) Karnataka

(C) Gujrat (D) Goa

42. 'सती' किसकी कृति है ?

(A) यामिनी रॉय (B) नंदलाल बोस

(C) राजा रवि वर्मा (D) रवीन्द्रनाथ ठाकुर

Whose Creation is 'Sati' ?

(A) Yamini Roy (B) Nandlal Bose

(C) Raja Ravi Verma (D) Rabindranath Thakur

43. इनमें से किसका संबंध सिंधु घाटी सभ्यता से नहीं है ?

(A) हड़प्पा (B) मोहनजोदड़ो

(C) लोथल (D) भरहुत

In the following, which is not related to Indus valley civilization ?

(A) Harappa (B) Mohanjodaro

(C) Lothal (D) Bharhut

44. गेरू रंग किससे प्राप्त होता है ?

(A) खड़िया पत्थर (B) मिट्टी

(C) वनस्पति (D) रसायन

Geru Colour is brought from where ?

(A) Chalk Stone (B) Soil

(C) Vegetation (D) Chemical

45. माण्डना लोक कला किस प्रदेश की है ?

(A) बिहार (B) झारखण्ड

(C) असम (D) राजस्थान

Madana Folk is from which state ?

(A) Bihar (B) Jharkhand

(C) Assam (D) Rajasthan

46. रंग का वैज्ञानिक सिद्धांत किसने दिया ?

(A) न्यूटन (B) ग्राहम बेल

(C) गैलेलियो (D) अरस्तु

Who has given the scientific theory of colour ?

(A) Newton (B) Graham Bell

(C) Gallileo (D) Aristotle

47. पैमाना का प्रयोग किस उद्देश्य के लिए होता है ?

(A) माप के लिए (B) रंग के लिए

(C) आधा चाँद बनाने के लिए (D) वृत्त बनाने के लिए

Scale is used for which purpose ?

(A) For measurement (B) For colour

(C) For drawing a Semi-circle (D) For making a circle

48. व्यक्तिचित्र किसमें बनते हैं ?

(A) मूर्तिकला में (B) चित्रकला में

(C) (A) और (B) दोनों (D) पॉटरी में

In which art, Portraits are made ?

(A) Sculpture (B) Painting

(C) (A) and (B) both (D) Pottery

49. जल रंग चित्रण में पहले कैसे रंग लगाने चाहिए ?

(A) हल्के रंग (B) गहरे रंग

(C) सिर्फ सफेद रंग (D) सिर्फ काला रंग

Which colour are first applied in water colours ?

(A) Light Colours (B) Dark Colours

(C) Only White Colour (D) Only Black Colour

50. फ्रेस्को की गीली पद्धति में दीवार पर चूना का लेप क्यों होता है ?

(A) चूने में रंग सोखने की क्षमता होती है (B) चूने में रंग सोखने की क्षमता नहीं होती

(C) चूना रंगों को स्थायित्व देता है (D) (A) और (C) दोनों

In wet technique of Fresco, Coating of Limestone is applied on walls because –

(A) Limestone has the capacity to absorb colour.

(B) Limestone cannot absorb the colour.

(C) Limestone gives more stability to colour.

(D) (A) and (C) both

51. अलसी तेल की तैल रंगों में क्या उपयोगिता है ?

(A) इससे रंग सतह से आसानी से चिपक जाता है

(B) इससे रंग में चमक आती है

(C) (A) और (B) दोनों

(D) (A) और (B) दोनों नहीं

What is the use of Linseed oil in oil colurs ?

(A) The colour easily sticks on the surface

(B) Colour becomes shiny

(C) Both (A) and (B)

(D) Neither (A) nor (B)

52. पैलेट नाइफ का प्रयोग चित्रण में क्यों होता है ?

(A) रंग मिलाने के लिए (B) कागज फाड़ने के लिए

(C) ब्रश को नुकीला बनाने के लिए (D) पेन्सिल छीलने के लिए

In painting, why is Palette Knife used ?

(A) To mix the Colours (B) To tear the Paper

(C) To make a Pointed brush (D) To sharpen the Pencil

53. किसी विषय–वस्तु की सविस्तार योजना तैयार करना क्या कहलाता है ?

(A) प्रारूप (B) प्रवाह

(C) पैमाना (D) टोन

The act or process of laying out or planning in detail is called ?

(A) Layout (B) Flow

(C) Scale (D) Tone

54. किसी चित्रकार की मूल पेंटिंग की हूबहू नकल कर बनाई गई पेंटिंग कहलाती है –

(A) रेप्लिका (B) फैब्रिका

(C) इल्युशन (D) इंस्पीरेशन

The exact copy of original painting of an artist is known as –

(A) Replica (B) Fabrica

(C) Illusion (D) Inspiration

55. पोस्टर क्यों बनाए जाते हैं ?

(A) जनता का ध्यान आकृष्ट करने के लिए

(B) संदेश पहुँचाने के लिए

(C) व्यावसायिक उद्देश्य के लिए

(D) ये सभी

Why are Posters made ?

(A) To get the attention of mass

(B) To Convey the message

(C) for Commercial Purpose

(D) All of these

56. 'अल्पना' किसका प्रतीक है ?

(A) शुभ (B) शोक

(C) व्यंग्य (D) विद्रोह

What is the reflection of 'Alpana' ?

(A) Auspicious (B) Sadness

(C) Satire (D) Revolt

57. मिट्टी का प्रयोग किस कला में होता है ?

(A) मूर्ति कला (B) चित्रकला

(C) कार्टून (D) सभी में

In which art clay is used ?

(A) Sculpture (B) Painting

(C) Cartoon (D) All of these

58. काँसे की ढ़लाई में किसका प्रयोग होता है ?

(A) मोम (B) गोंद

(C) चूना (D) पत्थर

What is used in Bronze Casting ?

(A) Wax (B) Gum

(C) Limestone (D) Stone

59. फोटो ऑफसेट किसका आधुनिक रूप है ?

(A) लिथोग्राफी (B) टोपोग्राफी

(C) सेरीग्राफी (D) जिओग्राफी

Whose modern form is Photo-Offset ?

(A) Lithography (B) Topography

(C) Serigraphy (D) Geography

60. वास्तुकला किससे संबंधित है ?

(A) सड़क निर्माण (B) भवन निर्माण

(C) वस्त्र निर्माण (D) पुष्पसज्जा

Architecture is related to which thing ?

(A) Road Construction (B) Building Construction

(C) Cloth making (D) Flower decoration

61. रेखा का स्वाभाविक प्रवाह जो बेहिचक मुक्त हाथों से खींची गई हो, उसे क्या कहते हैं?

(A) रेखा की गति (B) रेखा प्रगति

(C) रेखा संगति (D) रेखा अवनति

What do we call a line which is drawn with natural flow and free hand style ?

(A) Line of Force (B) Line of Progression

(C) Line harmony (D) Line of regression

62. B से 6B श्रेणी की पेन्सिल कैसी होती है ?

(A) सख्त (B) नर्म

(C) मध्यम (D) इनमें से कोई नहीं

What type of pencil is B to 6B category ?

(A) Hard (B) Soft

(C) Medium (D) None of these

63. गाढ़े काले रंग के शेड के लिए आप किस पेन्सिल का प्रयोग करेंगे ?

(A) H पेन्सिल (B) चारकोल पेन्सिल

(C) HB पेन्सिल (D) इसमें से कोई नहीं

Which Pencil you will use for Dark Black Shade ?

(A) H Pencil (B) Charcoal Pencil

(C) HB Pencil (D) None of these

64. रंगों का बोध कौन कराता है ?

(A) प्रकाश (B) अंधकार

(C) विद्युत् (D) पानी

Which helps in Colour-realisation ?

(A) Light (B) Darkness

(C) Electricity (D) Water

65. पीला रंग क्या कहलाता है ?

(A) प्राथमिक (B) द्वितीयक

(C) तृतीयक (D) पोलीक्रोम

What is Yellow Colour ?

(A) Primary (B) Secondary

(C) Tertiary (D) Polychrome

66. एक ही रंग में की गई पेंटिंग क्या कहलाती है ?

(A) मोनोक्रोम (B) मोनोपोली

(C) मोनोलॉग (D) मोनोग्राम

The Painting made in one Colour is called ?

(A) Monochrome (B) Monopoly

(C) Monologue (D) Monogram

67. यथार्थवादी चित्रण में क्या रहता है ?

(A) तथ्य (B) काल्पनिक

(C) आदर्श (D) इनमें से सभी

What lies in Realistic art painting ?

(A) Reality (B) Imagination

(C) Idealism (D) All of these

68. जहाँ धरती और आकाश मिले हुए जान पड़ते है, उसे क्या कहते हैं ?

(A) क्षितिज (B) सीमा

(C) शून्य (D) असीम

What do you call that point where earth and sky meet ?

(A) Horizon (B) Border

(C) Zero (D) Infinite

69. जब दूर के रंग हल्के तथा पास के रंग चटक दिखते हैं, तो यह क्या माना जाता है ?

(A) दृष्टिक्रम (B) रंग क्रम

(C) अनुभूति (D) मन का भ्रम

When distant colours look light and nearer colours look bright, then what is it called ?

(A) Perspective (B) Colour Series

(C) Feeling (D) Doubt

70. ध्यानस्थ आसन में आँख मूँदे साधु का चित्र किस रस का प्रतीक है ?

(A) रौद्र रस (B) शांत रस

(C) श्रृंगार रस (D) हास्य रस

Monk with closed eyes sitting in meditating position signifies which Rasa ?

(A) Raudra Rasa (B) Shaant Rasa

(C) Shringar Rasa (D) Hasya Rasa

## खण्ड–ब / Section-B

## लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

प्रश्न संख्या 1 से 20 तक लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। 10x2=20

Question no. 1 to 20 are Short answer type. Answer any 10 questions. Each question carries 2 marks. 10x2=20

1. भुवनेश्वर किस मंदिर के लिए प्रसिद्ध है ? 2

Bhuvaneshwar is famous for which temple ?

2. सिस्टीन चैपल कहाँ है और इसे किस चित्रकार ने अपनी चित्रकला से अतुलनीय बना दिया ? 2

Where is Cistine Chapel and which painter has made it incomparable with his painting ?

3. अमृता शेरगिल के चित्रों में किस परिवेश की प्रमुखता दिखती है ?

Which kind of ambience is dominant in Amrita Shergil's Paintings ?

4. तैल चित्रण और कैलेन्डर आर्ट के प्रणेता चित्रकार भारत में किसे कहा जाता है और क्यों?

In India, who is called the pioneer Painter in Oil Painting and Calender art and why ?

5. भाव का तात्पर्य षडंग में क्या है ?

What is the meaning of Bhava in Shadanga ?

6. प्राथमिक रंग कितने हैं ? उनके नाम बताएँ।

How many Primary Colours are there ? Name them.

7. पिकासो मूलतः किस देश से थें और किस देश में उनकी कला यात्रा शुरू हुई ?

To which country Picasso originally belonged and in which country his Journey of art initiated ?

8. आयाम किसे कहते हैं ? एक मूर्ति में कितने आयाम होते हैं ?

What is dimension ? How many dimensions are there in a Sculpture ?

9. व्यक्तिचित्र और पटचित्र में क्या अंतर है ?

What is the difference between Portrait and Patchitra ?

10. कार्टून की कौन सी दो विशेषताएँ पारंपरिक कला से इसे भिन्न बनाती हैं ?

Which two main Characteristics of Cartoon make it different from traditional art ?

11. विन्सेन्ट वॉन गॉग की प्रमुख दो कृतियों का नाम बताएँ।

Give the names of any two famous creations of Vincent Van Gogh.

12. इंद्रधनुष के रंग में सबसे पहला और सबसे आखिरी रंग कौन सा है ?

In rainbow colours, which colour comes first and which colour stands last ?

13. अजंता के भित्तिचित्रों में कौन सी तकनीक दिखती है ?

Which technique is seen in the wall paintings of Ajanta ?

14. मिट्टी कितने प्रकार की होती है, जो मूर्तिकला में प्रयुक्त होती है ?

How many types of clay is used in Sculpture ?

15. राउण्ड और फ्लैट ब्रश में क्या अंतर होता है ?

What is the difference between round and flat brush ?

16. क्षैतिज रेखा किसे कहते हैं ?

What is Horizontal line?

17. वृत्त किसे कहते हैं ? क्या यह अंडाकार से भिन्न है ?

What is a Circle ? Is it different from Oval ?

18. ड्राइंग बोर्ड क्या होता है ? इसमें ड्राइंग पिन की क्या उपयोगिता है ?

What is Drawing board ? What is the use of drawing Pin in it?

19. ऊष्म और शीत रंगों का उदाहरण दीजिए।

Give example of Warm and Cool colours.

20. 'भाव' षडंग का कौन सा अंग है ? इसे परिभाषित करें।

Which part of Shadanga is 'Bhava' ? Define it.

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

प्रश्न संख्या 21 से 26 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। 5x3=15

Question no. 21 to 26 are Long answer type questions. Answer any 3 questions. Each question carries 5 marks. 5x3=15

21. एलोरा मूर्ति एवं इसकी प्रमुख शैली की विस्तृत व्याख्या कीजिए।

Explain elaborately the Ellora's sculptures and its major style.

22. सेजां की कला और उनके जीवन पर निबंध लिखें।

Write an essay on Cezanne's art and his life.

23. षडंग के बारे में विस्तार से बताएँ।

Explain in detail about Shadanga.

24. घनवाद क्या है ? पश्चिम से लेकर भारत में इसका प्रभाव क्या पड़ा ? विस्तार से लिखें।

What is Cubism ? From West to India, What had been the impact ? Write in detail.

25. राम किंकर बैज की मूर्तिशिल्प पर निबंध लिखें।

Write an essay on Sculpture of Ram Kinkar Baij.

26. 'भारतीय लोक कला जनमानस की कला है'। इसे विभिन्न उदाहरणों से समझाइए।

'Indian Folk art is the art of common people'. Explain it with different examples.